# परिषद् द्वारा संचालित प्रस्फुटन समितियों/नवांकुर संस्थाओं एवं सी.एम.सी.एल.डी.पी. के विद्यार्थियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य

जन अभियान परिषद् द्वारा गठित एवं पोषित स्वयंसेवी संस्थाओं एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा प्रदेश के विकास में उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। स्वर्णिम म.प्र. निर्माण के नौ बिंदुओं (ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, सबके लिए शिक्षा, सबके लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, नशामुक्ति, कुपोषण एवं परिवार नियोजन तथा कृषि को लाभकारी बनाना) पर कार्य करते हुए कुछ ऐसे भी हुए हैं, जिनको प्रशासनिक स्तर पर भी सराहा गया है। यह सभी कार्य स्वैच्छिक भाव से किए गए हैं। कुछ ऐसे ही उत्कृष्ट कार्यों को पत्रिका में प्रकाशित किया गया है, जिनके परिणाम सकारात्मक निकले हैं।

## प्रधानमंत्री बीमा योजनान्तार्गत 11 हजार से अधिक लोगों का पंजीयन

ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं के सदस्यों, द्वारा राजगढ़ जिले के 150 गांवों में 12 हजार से अधिक लोगों का प्रधानमंत्री बीमा योजना मे पंजीयन कराया गया। जिले की समस्त ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से जिले के विभिन्न ग्रामों में समिति सदस्यों ने शिविर






आयोजित कर शिविर स्थल पर ही उक्त बीमा योजनाओं के फार्म उपलब्ध कराये एंव बीमा योजना से जोड़ा गया। उक्त कार्यों के अंतर्गत छोटे-छोटे कस्वों, गांवों में कियोस्क सेंटर/बैंक परिसर में भी शिविर आयोजित किये गये। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा चौपालों का आयोजन कर ग्रामीणों से घर घर संपर्क करते हुऐ बीमा कराया गया। बीमा करने पूर्व समितियों द्वारा ग्राम में जागरूकता रैली के माध्यम से बीमा का महत्व बताते हुये इससे होने वाले लाभों के बारे में भी लोगों से चर्चा की। जिले में 6 विकासखंड राजगढ़, ब्यावरा, नरसिहगढ, सांरगपुर, जीरापुर एंव खिलचीपुर में कुल 12,343 लोगों को बीमा योजना से जोड़कर लाभान्वित किया गया।

## रंग लाई प्रस्फुटन समिति की मेहनत

ग्राम बागरोद में ग्राम प्रस्फुटन समिति द्वारा गांव में वानस्पितक आच्छादन (VEGETATIVE COVER) बढ़ाने के लिए वर्ष 2009-10 में 16 हजार पौधे रोपित करने का निर्धारित लक्ष्यपूर्ण कर प्रस्फुटन वन बनाने का प्रयास आरंभ किया। वर्ष 2009-10 में रोपित 16 हजार पौधे में से 11 हजार 5 सौ पौधे आज तक जीवित हैं।


पौधरोपण वर्ष 2009-10
पौधरोपण की वर्ष 2015-16 में स्थिति

## जैविक खेती हेतु पंजीयन एवं प्रमाणीकरण

ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झिरी झल्लार, झल्लार, बीड़, पानतलाई जिला हरदा में अपने-अपने ग्रामों को जैविक ग्राम बनाने









का प्रस्ताव अप्रैल 2015 में पारित किया। कार्य को मूर्तरूप देने के लिए समिति के पदाधिकारियों ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा ) जिला हरदा से सम्पर्क कर जैविक सहभागिता प्रतिभूति प्रणाली (पी.जी.एस) के अंतर्गत 119 कृषकों ने जैविक खेती प्रमाणीकरण एवं पंजीयन हेतु आवेदन किया। परिणामस्वरूप आज 4 ग्रामों में 162 एकड़ रकबा भूमि जैविक खेती हेतु प्रमाणीकरण के लिये पंजीकृत कर कृषक बंधुओं द्वारा समिति के नेतृत्व में जैविक खेती करने का कार्य किया जा रहा है।

## सी.एम.सी.एल.डी.पी. छात्रा ने करवाया 35 परिवारों में शौचालय निर्माण

छात्रा : रंजना मण्डलोई

ग्राम : प्रस्फुटन ग्राम बड़गांव भगवानपुरा, विकासखण्ड मनावर, धार

प्रस्फुटन ग्राम बड़गांव भगवानपुरा, विकासखण्ड मनावर, जिला धार की मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की छात्रा रंजना मण्डलोई ने अपने गांव में स्वामी विवेकानंद लायब्रेरी स्थापित की एवं ग्राम में 20 बालक 20 बालिकाओं की वानर सेना का गठन कर घर-घर सम्पर्क, रैली, चौपाल, संगोष्ठी और संवाद के माध्यम से ग्राम के 35 परिवारों में शौचालय निर्माण एवं शौचालय उपयोग का कार्य कराया गया। ग्राम में प्रति दिवस संस्कार केन्द्र और पाठशाला के माध्यम से ग्राम के बच्चों को महापुरूषों के जीवन परिचय एवं उनके द्वारा किए गये कार्यों को बताया जाता है।



## ग्राम संवाद एवं दीवार लेखन से पायी खुले में शौच से मुक्ति

छात्रा : श्रीमती ज्योति द्विवेदी

मेंटर : श्री संकर्षण द्विवेदी

ग्राम : पड़रिया विकासखंड रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा

श्रीमती ज्योति द्विवेदी मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की छात्रा है तथा अध्ययन केन्द्र शास.उत्कृष्ट उ.मा.वि.रायपुर कर्चुलियान में पंजीकृत है, ने प्रयोगशाला हेतु चयनित ग्राम पड़रिया को पंचायत एवं समाज के सहयोग से पूर्णतः खुले में शौच से मुक्त पंचायत घोषित कराने में सफलता पाई है। इस ग्राम में कुल 750 परिवार निवास करते हैं, जिनमें से 560 परिवारों में शौचालय नही बने हुए थे, जिसको लक्ष्य लेकर छात्रा ने समस्त 560 परिवारों में शौचालय निर्माण एवं खुले में शौच करने की प्रवृत्ति को बंद करने को लेकर कार्य किया गया। जिसके परिणामस्वरूप उक्त ग्राम पंचायत को 03 अप्रैल 2016 को प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने पूर्णतः खुले में शौच से मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया है।






## 84 मजदूरों का पलायन रोका

छात्रा : कु. सुषमा मरावी

जिला : बालाघाट

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की





छात्रा कु. सुषमा मरावी ने शासकीय योजनाओं पर आधारित असाईनमेंट करते हुए पाया कि मजदूरों को ग्राम केंटाटोला जिला बालाघाट (म.प्र.) में एक वर्ष रोजगार गारंटी का काम नहीं मिला है। लोग पलायन कर रहे थे, लोग यह नहीं जानते थे कि वे स्वयं काम की मांग करें तो शासन को उन्हें 5 दिवस के भीतर काम देना होगा। छात्रा ने इस विषय पर लोगों को जानकारी दी और रोजगार हेतु लोगों से आवेदन कराया। परिणाम स्वरूप 84 मजदूरों को तालाब निर्माण का काम मिला और पलायन रूका।

### सीएमसीएलडीपी के कार्यो को यूनिसेफ ने सराहा

छात्र : गिरीराज पालीवाल

ग्राम : रानीपुरा, जिला श्योपुर

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र गिरीराज पालीवाल ने ग्राम रानीपुरा, जिला श्योपुर में 115 शौचालय बनवाये हैं। छात्र द्वारा किये कार्य का यूनिसेफ टीम द्वारा अवलोकन किया गया।


शौचालय निर्माण हेतु जागरूकता रैली


शौचालय निर्माण


निर्मित शौचालय

### राष्ट्रीय पटल पर सी.एम.सी.एल.डी.पी. की छात्रा

छात्रा : श्रीमती रंजिता इवनाती

ग्राम : जुन्नारदेव विशाला, जिला-छिन्दवाड़ा

ग्रामोदय से भारत उदय अभियान अंतर्गत विजयवाड़ा, आंध्रप्रदेश में मान. प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में आदिवासी महिला सरपंचों के आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बी.एस.डब्लू. छात्रा एवं ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती रंजिता इवनाती को उनके द्वारा उनकी पंचायत में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। श्रीमति इवनाती के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत अपनी पंचायत में महिलाओं को विशेष रूप से प्रेरित कर 350 शौचालयों का निर्माण कराया गया एवं निरंतर महिला सशक्तिकरण हेतु किये जाने वाले उनके प्रयासों के कारण





उन्हें 19 अप्रैल 2016 को उक्त राष्ट्रीय आयोजन में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ।

### बी.एस.डब्लू. छात्र मान. प्रधानमंत्री जी द्वारा पुरूस्कृत

छात्र : श्री साबूलाल बारस्कर

ग्राम : कालाआखर, विकासखंड केसला, जिला होशंगाबाद

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र श्री साबूलाल बारस्कर एवं प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष बनारसी हनोते ने असाइनमेन्ट्स के दौरान अपने ग्राम में मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाने का अभियान चलाया। परिणामस्वरूप 200 कृषक परिवारों में से 56 कृषक परिवारों के कार्ड बनवाकर वितरित करवाये गये, शेष कृषकों के कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही जारी है। इस कार्य हेतु मान. प्रधानमंत्री जी द्वारा शेरपुरा (सीहोर) कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा पुरूस्कृत कराया गया।


माननीय श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री द्वारा कृषक श्री साबूलाल बारस्कर, ग्राम कालाआखर विकासखंड केसला जिला होशंगाबाद को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करते हुए, दिनांक 18 फरवरी 2016

### 21 एकड़ जमीन कराई जैविक खेती हेतु पंजीकृत

छात्र : सरदार बसुनिया

ग्राम : माता सुला जिला झाबुआ

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र सरदार बसुनिया, ग्राम मातासुला विकासखण्ड राणापुर ने असाइनमेंट के दौरान कृषकों को जैविक कृषि के महत्व, लाभ एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। परिणामस्वरूप 21 एकड़





जमीन जैविक खेती हेतु पंजीकृत हुई। इस उपलब्धि के लिए कृषि विभाग, झाबुआ द्वारा छात्र सरदार बसुनिया को पुरूस्कृत किया।